PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

'ज़िंदगी एक आईना है, जितना मुस्कुराओगे, उतना ही खूबसूरत दिखेगा।'

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | मंगलवार, 8 सितंबर, 2026, साल-2, अंक-45, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के 37वें चीफ जस्टिस बने एके मिश्रा

- 'आप' सरकार के विरोध के बीच ली शपथ; सीएम भगवंत मान नहीं आए

चंडीगढ़, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा को शपथ दिलाते पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और समारोह में मौजूद एसएडी की मजीठा से विधायक गनीव कौर। जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने सोमवार (7 सितंबर) को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 37वें चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ ले ली। चंडीगढ़ स्थित पंजाब लोक भवन (गवर्नर हाउस) में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस मिश्रा से पहले पहले जस्टिस शील नागू चीफ जस्टिस थे। जून 2026 में उनकी सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर नियुक्ति हुई थी।

पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने जस्टिस मिश्रा की नियुक्ति का विरोध किया था। सीएम भगवंत मान का तर्क था कि जस्टिस मिश्रा की इस नियुक्ति को लेकर उनसे सहमति नहीं ली गई। उन्होंने शपथग्रहण समारोह रोकने की भी मांग की थी। इसी वजह से सीएम भगवंत मान या पंजाब सरकार का कोई मंत्री शपथग्रहण समारोह में नहीं पहुंचा। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष समारोह में मौजूद रहे।

अमृतसर के मजीठा से शिरोमणि अकाली दल की विधायक गनीव कौर भी समारोह में पहुंचीं। एक दिन पहले, रविवार (6 सितंबर) को पंजाब सीएम भगवंत मान ने इमरजेंसी कैबिनेट मीटिंग बुलाकर जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा की नियुक्ति के खिलाफ प्रस्ताव पास किया था। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि पंजाब सरकार की सहमति मिलने तक चीफ जस्टिस को शपथ न दिलाई जाए।



डी.ए. मामले पर नए चीफ जस्टिस का सख्त रुख

कोर्ट किसी भी दबाव में नहीं झुकेगा

- जस्टिस मिश्रा ने शपथ लेने के बाद साफ किया कि कोर्ट सिर्फ कानून के दायरे में रहकर काम करेगा

चंडीगढ़, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ लेने के दो घंटे से भी कम समय में, जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने सोमवार को महंगाई भत्ते (डी.ए.) के अहम मामले की सुनवाई के दौरान अपना सख्त रुख साफ कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोर्ट किसी भी दबाव में नहीं झुकेगा और कानून के शासन तथा संविधान के प्रति अपनी शपथ के दायरे में रहकर काम करेगा। यह बयान तब आया जब चीफ जस्टिस मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की डिवीजन बेंच ने पंजाब सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बकाया डीए/डीआर के भुगतान के संबंध में कोर्ट के आदेशों के पालन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सरकारी वकील के तेज आवाज में बोलने पर कड़ी आपत्ति जताई। चीफ जस्टिस मिश्रा ने कहा, 'यह कोर्ट कानून के शासन के तहत काम करेगा और यह संस्था किसी भी तरह की हेर-फेर के आगे नहीं झुकेगी। इसलिए, हम कानून के अनुसार सख्ती से काम करेंगे। हमने संविधान की शपथ ली है और हम जानते हैं कि अपनी शपथ को कैसे पूरा करना है और उसकी रक्षा कैसे करनी है।' बेंच ने यह भी साफ किया कि वह किसी भी पक्ष की दलीलों से प्रभावित नहीं होगी। 'किसी भी पक्ष की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए! आपके पास कहने या करने के लिए बहुत कुछ हो सकता है, लेकिन हम कानून के अनुसार काम करेंगे। हमने संविधान की शपथ ली है।' ये टिप्पणियां उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की गईं जो बेंच के अगस्त के उस आदेश से जुड़ी थीं जिसमें पंजाब को अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को डीए/डीआर की सभी बकाया किश्तें 31 अगस्त तक जारी करने और अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक राज्य सरकार प्रिंट या सोशल मीडिया पर विज्ञापन अभियानों जैसे अनुत्पादक खर्च न करे।

बाद में राज्य सरकार ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय कौशल ने कहा कि पंजाब ने 31 अगस्त के बाद अपनी चुनौती दाखिल की थी और सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री द्वारा बताई गई कमियों को अभी ठीक किया जाना बाकी है।

कौशल ने यह भी कहा कि राज्य सरकार अभी भी अखबारों में विज्ञापन जारी कर रही है और उन्होंने राख्ती के (शेष पेज 2 पर)

असम : पत्नी का सिर काटकर फ्रिज में रखा : हाथों की उंगलियां भी काटीं

- बॉडी कुत्तों को खिलाने वाला था, बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस बुलाई

गुवाहाटी, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

असम के गुवाहाटी से एक युवक ने पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति ने पत्नी का सिर धड़ से अलग करके फ्रिज में रख दिया और उसके दोनों हाथों की उंगलियां भी काट दीं।

मामले का खुलासा रविवार को तब हुआ था जब, वह बॉडी कुत्ते को खिलाने की तैयारी में था, लेकिन तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस बुला ली। पुलिस फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसी तो 25 साल की रिया तालुकदार का धड़ मिला। हत्या के बाद से ही आरोपी रामानुजन गोस्वामी फरार था, जिसे सोमवार सुबह अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि हत्या के बाद रामानुजन ने उसी कमरे में खाना बनाया और खाया था। इसके



बाद उसने रिया के शव को काटकर मांस कुत्तों को खिलाने की योजना बनाई थी। लेकिन, खाना खाने के बाद वह घर से भाग निकला। रिया और रामानुजन की शादी करीब 6 महीने पहले ही हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों गुवाहाटी के हाटीगांव इलाके में किराए से रह रहे थे। रिया फैंसी बाजार के एसी मार्केट इलाके में स्थित एक बुटीक में काम करती थी। उसके परिवार में केवल एक भाई है। वहीं, रामानुजन कैब चलाता था। रामानुजन का पैतृक घर धुबरी जिले के गौरीपुर में है, जहां उसके माता-पिता रहते हैं। आरोपी के खिलाफ धुबरी थाने में एटीएम चोरी से संबंधित मामला दर्ज होने की जानकारी मिली है। पुलिस रामानुजन से पूछताछ कर रही है।

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन में हादसा

फरार पीजी मालिक हरि ओम बंसल राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तार

- मरने वालों की संख्या बढ़कर 7 हुई; मलबे से 12 लोगों को बचाया गया, दिल्ली नगर निगम ने साउथ ज़ोन के 5 अधिकारियों को सस्पेंड किया

नई दिल्ली/चंडीगढ़, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत गिरने की घटना के बाद, पुलिस ने इसके मालिक को राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। रविवार को दोपहर करीब 1:30 बजे मरम्मत के काम के दौरान इमारत गिर गई थी। इसमें लड़कों के लिए 'पेइंग गेस्ट' की सुविधा थी। इस हादसे में अब तक मलबे से 12 लोगों को बचाया गया है, जिनमें से 7 की मौत हो चुकी है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इमारत के मालिक हरि राम गुप्ता को राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया है और उनसे आगे की पूछताछ भी चल रही है।

रविवार दोपहर दिल्ली के सत्य निकेतन में एक बहुमंजिला इमारत गिरने का खौफनाक मंज़र सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इस घटना से व्यस्त



इलाके में धूल का गुबार छा गया और कई लोग मलबे के नीचे दब गए। करीब 1:15 बजे रिकॉर्ड हुए फुटेज में एक सड़क विक्रेता को अपने रिक्शे के पास बैठे हुए देखा जा सकता है, तभी वह अचानक ऊपर देखता है, खड़ा होता है और सुरक्षित जगह की ओर भागता है। कुछ ही सेकंड में इमारत गिर जाती है और कैमरा फ्रेम धूल और मलबे से भर जाता है। दिल्ली के सत्य निकेतन में बहुमंजिला इमारत गिरने से कम से कम सात लोगों की मौत के बाद दिल्ली नगर निगम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। निगम ने इस हादसे के सिलसिले में अपने साउथ ज़ोन (शेष पेज 2 पर)

चंडीगढ़ में किसानों का विरोध प्रदर्शन खत्म

- संयुक्त किसान मोर्चा ने सरकार का सहमति पत्र स्वीकार किया
- पंजाब सरकार इस महीने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाएगी : गुरमीत खुडियां

मोहाली, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब सरकार और संयुक्त किसान मोर्चा के बीच हुए समझौते के बाद, चंडीगढ़ बॉर्डर पर पिछले सात दिनों से चल रहा किसानों का विरोध प्रदर्शन आज आधिकारिक तौर पर खत्म हो गया। पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां खुद विरोध स्थल पर पहुंचे और किसान नेताओं को पंजाब सरकार का सहमति पत्र सौंपा। साथ ही, उन्होंने मंच से घोषणा की कि सरकार उनकी सभी संबंधित मांगों को मान लेगी।

इस मौके पर कृषि मंत्री ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार पंजाब के पानी से जुड़े समझौतों को रद्द करने के लिए इस महीने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाएगी। सरकार द्वारा मांगें माने जाने और सहमति पत्र मिलने के बाद, संयुक्त किसान मोर्चा के सभी नेताओं और विरोध प्रदर्शन में शामिल हजारों किसानों ने राहत की सांस ली और अब वे अपने-अपने घरों को लौट गए हैं। इससे पहले, संयुक्त किसान मोर्चा के सभी नेताओं ने फेज-11 के एक होटल में बैठक करने के बाद पंडाल के लिए प्रस्थान किया था। कृषि मंत्री की घोषणा के बाद, चंडीगढ़ के पुलों पर पिछले सात



दिनों से चल रहा किसानों का विरोध प्रदर्शन आज समाप्त हो गया और यहां पहुंचे हजारों किसान अपने-अपने घरों को लौट गए हैं।

गौरतलब है कि रविवार रात पंजाब भवन में कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के साथ हुई बैठक में, पंजाब सरकार ने किसान संगठनों की उस मुख्य मांग को स्वीकार कर लिया था जिसमें विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नदी जल समझौतों के कुछ (शेष पेज 2 पर)

वायु सेना की बढ़ेगी ताकत

सुखोई में लगेगी रूस की सबसे ताकतवर मिसाइल; 300 किमी दूर दुश्मन का शिकार होगा आसान

नई दिल्ली, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत सुखोई एम 30 लड़ाकू विमानों की क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें रूस की लंबी दूरी की आर.वीवी-बीडी एयर-टू-एयर मिसाइलों से लैस करने की तैयारी कर रहा है। डीएसी की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारत अस्त्र मिसाइल के नए संस्करणों और फ्रांस की मीटियर मिसाइलों के जरिए अपनी हवाई मारक क्षमता मजबूत कर रहा है। करीब 300 किलोमीटर तक की मारक क्षमता वाली ये मिसाइलें बेहद तेज रफ्तार से हवा में मौजूद दुश्मन के अहम ठिकानों को निशाना बनाने में सक्षम बताई जाती हैं। एसयू -30 एमकेआई के अपग्रेड, AL-31 इंजन के ओवरहॉल और एचएएल के संभावित एएलएच मार्क-3 ऑर्डर से भी भारतीय रक्षा क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के BRICS बैठक में शामिल होने के



लिए भारत आने से कुछ दिन पहले रक्षा मंत्रालय इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस दौरान भारत और रूस के बीच कई महत्वपूर्ण रक्षा समझौतों और सहयोग के मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

रक्षा सूत्रों ने एएनआई को बताया कि आज होने वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की बैठक में एसयू -30 एमकेआई विमानों पर आर.वीवी-बीडी मिसाइलों को एकीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इस कदम से भारतीय वायु सेना की लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मारक क्षमता को और मजबूती मिल सकती है।

सीमा पार तस्करी का बड़ा मामला पकड़ा गया

15 पिस्तौल और हेरोइन के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब में ड्रग्स और हथियारों की सीमा पार तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक और बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए ड्रग्स और अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 5 किलो हेरोइन और 15 अवैध पिस्तौल बरामद की हैं। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने दी है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी कथित तौर पर विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में थे और अवैध हथियारों व ड्रग्स की खेप प्राप्त कर निर्देशों के अनुसार उनकी आगे सप्लाई करते थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ घरिंडा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और आगे-पीछे के लिंक का पता लगाने, गिरोह में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए जांच जारी है।



अमृतसर एयरपोर्ट के ऊपर मंडराते देखे गए संदिग्ध ड्रोन

- ड्रोन दिखने के बाद अमृतसर एयरपोर्ट पर उड़ान सेवाएं करीब डेढ़ घंटे के लिए रोक दी गईं; 7 उड़ानों का रूट बदला गया

अमृतसर, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमृतसर एयरपोर्ट पर रविवार रात एयरफील्ड में ड्रोन दिखाई देने के बाद करीब डेढ़ घंटे तक उड़ान संचालन निलंबित रहा। इस दौरान सात उड़ानों को डायवर्ट किया गया। एयरपोर्ट निदेशक अनिरुद्ध कुमार शर्मा ने बताया कि स्थिति सामान्य होने के बाद रात 11:15 बजे संचालन दोबारा शुरू कर दिया गया।

एयरपोर्ट निदेशक के अनुसार, रात करीब 9:45 बजे एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को भारतीय वायुसेना से एयरफील्ड में ड्रोन देखे जाने की सूचना मिली। उस समय अमृतसर में उतरने वाली कई उड़ानें हवाई क्षेत्र में चक्कर लगा रही थीं। एयरपोर्ट की ड्रोन संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) को सक्रिय कर कंट्रोल टावर में



बैठक की गई।

समिति ने ड्रोन की मौजूदगी से निर्धारित उड़ानों की लैंडिंग प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए रात करीब 9:50 बजे एयरफील्ड बंद करने का फैसला किया। हवाई क्षेत्र में चक्कर लगा रहे करीब सात विमानों को अन्य हवाई अड्डों की ओर डायवर्ट करना पड़ा। इनमें दो उड़ानों को चंडीगढ़ और पांच को दिल्ली भेजा गया।

शर्मा ने बताया कि रात करीब 11 बजे जेएसी ने स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान ड्रोन की कोई नई गतिविधि सामने नहीं आने पर संचालन बहाल करने का निर्णय लिया गया और रात 11:15 बजे एयरपोर्ट को उड़ानों के लिए खोल दिया गया।इसके बाद डायवर्ट की गई सात (शेष पेज 2 पर)

इटावा में डबल-डेकर बस में लगी भीषण आग, जान बचाने के लिए 40 यात्री कूदे

इटावा, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सोमवार सुबह फ्रेंड्स कॉलोनी थाना इलाके में दिल्ली से रथ जा रही बुंदेलखंड ट्रैवल्स की स्लीपर बस में अचानक भीषण आग लग गई। बस में आग लगते ही यात्रियों में अफरातफरी मच गई। अपनी जान बचाने के लिए करीब 40 यात्री बस से कूद गए। हादसे में किसी यात्री के घायल होने या जान गंवाने की कोई जानकारी नहीं है।

बताया जा रहा है कि यह घटना फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में सिया देवी मेमोरियल अस्पताल के सामने हुई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी बस आग की लपटों में घिर गई।

यात्री किसी तरह बस से बाहर निकलने और अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। इस दौरान यात्रियों का लाखों रुपये का सामान, गहने, ज़रूरी कागज़ात और अन्य चीज़ें जलकर राख हो गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड (शेष पेज 2 पर)

अमेरिका के मियामी हवाई अड्डे पर विमान हादसा

वाहनों से टकराने के बाद लगी आग, पांच लोगों की मौत; पांच घायल

- सैन जुआन से आया अमेजन का मालवाहक विमान रनवे से आगे निकला

मियामी, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमेजन का एक मालवाहक विमान रविवार को मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे से आगे निकल गया। इसके बाद विमान कुछ वाहनों से टकरा गया और उसमें आग लग गई। हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। मियामी-डेड काउंटी के अधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्यूर्टो रिको के सैन जुआन से आया विमान अपराह्न करीब दो बजे हवाई अड्डे पर उतरा था। लैंडिंग के बाद विमान रनवे से आगे निकल गया और वाहनों से टकरा गया। अधिकारियों के अनुसार, हादसे में तीन लोग गंभीर



रूप से घायल हुए हैं, जबकि दो अन्य को अपेक्षाकृत कम गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, अधिकारियों ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि मृतकों में विमान में सवार लोग शामिल थे या वे उन वाहनों में थे, जिनसे विमान टकराया।

मियामी-डेड बचाव अग्निशमन प्रमुख रे जडाल्ला ने बताया कि हादसे के बाद आसमान में घना काला धुआं छा गया। पायलट और सह-पायलट कॉकपिट में फंस गए थे, जबकि कुछ लोग कारों के अंदर फंसे थे। एक अन्य व्यक्ति वाहन के नीचे फंस गया था। हादसे के कारण मियामी के व्यस्त हवाई अड्डे पर दोपहर के समय उड़ानें रोक दी गईं। जडाल्ला ने बताया कि हादसे के कई घंटे बाद भी विमान से ईंधन का रिसाव हो रहा था और दमकलकर्मी स्थिति से निपटने में जुटे थे। यह उड़ान नॉर्थ कैरोलाइना स्थित मालवाहक विमानन कंपनी 21 एयर द्वारा संचालित (शेष पेज 2 पर)



यूपी में सड़क हादसा, 12 श्रद्धालुओं की मौत

- 30-मीटर तक बिखरीं लाशें, एक्सप्रेस-वे पर टक्कर से पलटी पिकअप, कई मीटर घिसटी; 19 घायल

बागपत, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

यूपी के बागपत में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप टक्कर के बाद पलट गई। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं, 3 बच्चे हैं। 19 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हैं। पिकअप में 32 श्रद्धालु सवार थे। ये राजस्थान के बागड़ धाम (गोगामेड़ी) से बदायूं लौट रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रविवार देर रात करीब 1 बजे पिकअप को तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप बेकाबू होकर डिवाइडर



से टकरा गई। फिर घिसटते हुए सड़क के बीचों-बीच पलट गई। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा इतना भयावह था कि लाशें 30 मीटर दूर तक बिखर गईं। चीख-पुकार मच गई। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। लोगों ने एक्सप्रेस-वे पर प? घायलों को सड़क किनारे किया। फिर पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसा जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में बसी और बड़ा गांव के बीच हुआ।

नेपाल में बाढ़ : मरने वालों की संख्या 1,350 के पार, लगभग 5,000 लोग अभी भी लापता

काठमांडू, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को प्रभावित इलाकों से और शव मिलने के बाद नेपाल में भीषण बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,355 हो गई है।

नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी ने कहा कि बचाव दल अभी भी 4,996 लोगों की तलाश कर रहे हैं, जिनमें कम से कम 589 विदेशी नागरिक शामिल हैं। अब तक 13,396 लोगों को बचाया जा चुका है। एनडीआरआरएमए के अनुसार, चितवन जिले से 363, नवलपरासी पश्चिम से 221, नवलपरासी पूर्व से 222 और नुवाकोट से 197 शव बरामद किए गए हैं। इसी तरह, रसुवा से 169, गोरखा से 75, धाडिंग से 70 और तनाहुन से 38 शव बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों की संयुक्त कमान सक्रिय रूप से खोज और बचाव अभियान चला रही है। बाढ़



प्रभावित जिलों में स्थित पनबिजली परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चल रहा है। आशंका है कि इन परियोजनाओं की सुरंगों में सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। भारत और चीन के विशेषज्ञों की टीमें इन अभियानों में अपने नेपाली सहयोगियों की (शेष पेज 2 पर)

एमपी में जहरीली शराब से पिता-बेटा समेत अब तक 22 मौतें

- 112 की हालत बिगड़ी, सागर-भोपाल में भर्ती
- शराब ठेकेदार समेत 30 पर केस, 10 गिरफ्तार

सागर, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सागर में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 22 हो गई। मरने वालों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। 112 लोग ऐसे हैं, जिनकी जहरीली शराब पीने से हालत बिगड़ी है। उन्हें सागर और भोपाल के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मामले में शराब बेंचने वाले ठेकेदार समेत 30 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से 10 को अरेस्ट कर लिया गया।



सोमवार सुबह महेश रावत (55), श्याम बाई अहिरवार (50) और कृष्ण कुमार लोधी ने दम तोड़ा। इससे पहले एयरलिफ्ट कर भोपाल लाए गए राम प्रसाद लोधी की रविवार देर रात को मौत हुई थी। उनके पिता गोविंद लोधी ने भी रविवार को दम तोड़ दिया था। रामप्रसाद का छोटा भाई भूरे लोधी सागर में भर्ती है। वहीं, दोपहर में गूगरा खुर्द निवासी भगवान सिंह (35), खटोरा निवासी गोपाल आदिवासी (40) और देश कुमार लोधी, निवासी मुड़ना पैरा की भी मौत हुई।

रोडीज़-रीबर्थ : ओजीज़ 1/ह्य न्यूजीज़। 6 गैंग लीडर्स के साथ आइकॉनिक जर्नी पहले से भी बड़ी ऐ फॉर्मेट के साथ गेम बदलने के लिए तैयार है, ऐसे गेम में जहां सिर्फ सबसे मजबूत ही टिक पाएंगे

पैग़ाम-ऐ-जगत/चंडीगढ़
7 सितंबर (हरमिंदर नागपाल)



रोडीज़-रीबर्थ के मेकर्स ने आज चंडीगढ़ में ऑडिशन जर्नी को आगे बढ़ाया, जिसके साथ ही शहर में रोडीज़ का बुखार आधिकारिक रूप से पहुंच गया। यह दिल्ली में हुए धमाकेदार खुलासे के बाद हुआ, जहां सबसे लंबे समय से चल रहे एडवेंचर रियलिटी शो के इतिहास के सबसे बड़े बदलाव का खुलासा किया गया था। ओजी रोडी रणविजय सिंघा और छह गैंग लीडर्स दिल्ली में एक साथ आए और नए फॉर्मेट का खुलासा किया, जिसके बाद चंडीगढ़ में इच्छुक कंटेस्टेंट्स रोडीज़ ऑडिशन के अगले अध्याय का हिस्सा बनने के लिए आगे आए।

सबसे बड़ा सरप्राइज रोडीज़ अब पुराने नियमों के हिसाब से नहीं खेला जा रहा है। इस सीजन में रोडीज़ का बैटलफील्ड और भी बड़ा हो गया है, जिसमें छह गैंग लीडर्स अनुभव, नई ऊर्जा और अपना अलग गेम लेकर आए हैं और सिर्फ 2 गैंग हैं, यानी निखिल चिनापा, नेहा धूपिया, प्रिंस नरूला v/s अभिषेक मल्हान, बनी जे और बसीर अली, जो रोडीज़ के इतिहास में पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला कर रहे हैं। इस सीजन में एक गैंग ओजीज़ गैंग लीडर और दूसरा न्यू गैंग लीडर द्वारा लीड किया जा रहा है, जिससे दांव पहले से कहीं ज्यादा ऊंचे हो गए हैं। यह अनुभव, रणनीति, महत्वाकांक्षा और अलग-अलग व्यक्तित्वों का एक शक्तिशाली मिश्रण है, क्योंकि रोडीज़ की अगली पीढ़ी के लिए जंग आकार ले रही है। ज्यादा अलायंस, राइवलरी, रणनीतियों और पावर शिफ्ट्स के साथ गेम और भी बड़ा, कठिन और कहीं ज्यादा अप्रत्याशित होने वाला है।

चंडीगढ़ में, गैंग लीडर नेहा धूपिया ने ऑडिशन से एक दिन पहले शहर में हाई-एनर्जी प्री-बज़ विजिट के साथ ऑडिशन का माहौल तैयार किया। नेहा ने शहर में 50+ बाइकर्स के साथ बाइक रैली निकालकर शुरुआत की, जिसके बाद रोटरैक्ट क्लब और आईबाइकर इंडिया के सदस्यों के साथ बातचीत की। इसके बाद उन्होंने सीपी67 मॉल में गैंग लीडर निखिल चिनापा के साथ एक खास उपस्थिति दर्ज की, जहां उन्होंने फैंस और युवा उत्साही लोगों से मुलाकात की, जिससे बहुप्रतीक्षित ऑडिशन को लेकर उत्साह और उम्मीद और भी बढ़ गई।

नेहा धूपिया ने कहा, 'हर साल नई चुनौतियां लेकर आता है और इस बार सब कुछ नए लोगों से मिलने, दो-गैंग फॉर्मेट को समझने, ज्यादा कंटेस्टेंट्स होने और निश्चित रूप से ओजीज़ को न्यूजीज़ के खिलाफ जाते हुए देखने के बारे में है, जहां दांव बहुत ज्यादा ऊंचे हैं। चंडीगढ़ आना और बाइक रैली के साथ सड़कों पर उतरना रोडीज़ की भावना को जीवंत करते हुए पूरे शहर में छा गया। फैंस से मिलना और उन्हें अपना टैलेंट दिखाते देखना ऑडिशन से पहले ही एनर्जी को बढ़ा गया। युवा भीड़ से जो उत्साह और कहानियां हमें देखने को मिलीं, उन्होंने चंडीगढ़ को वाकई रोमांचक बना दिया है। उम्मीद है कि हमें ऐसे कंटेस्टेंट्स देखने को मिलेंगे जो हमें सरप्राइज करें!'

निखिल चिनापा ने कहा, 'रोडीज़ में वापस आना अवास्तविक सा लगता है, खासकर रीबर्थ के साथ गेम में एक बिल्कुल नया डायनेमिक आने के कारण। ओजीज़ और न्यूजीज़ का एक साथ आना मतलब अलग सोच, अलग रणनीतियां और सर्वोच्चता के लिए एक बिल्कुल नई जंग। हर गैंग लीडर गेम के लिए अपना अलग नजरिया लेकर आता है और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि पीढ़ियों का यह टकराव कैसे सामने आता है। मुझे पता है कि इस गेम में क्या चाहिए और मैं एक बार फिर अपने अनुभव, रणनीति और जुनून को इस सफर में लाने के लिए तैयार हूं।'

गैंग लीडर प्रिंस नरूला ने रोडीज़ में धमाकेदार वापसी करते हुए कहा, 'मैंने रोडीज़ को एक कंटेस्टेंट, विजेता और ओजी गैंग लीडर के रूप में जिया है, इसलिए मुझे बिल्कुल पता है कि यह सफर आपके अंदर से क्या निकाल सकता है। लेकिन रीबर्थ प्रतियोगिता के एक बिल्कुल नए स्तर पर है, जहां ओजीज़ और न्यूजीज़ गेम के लिए अपना-अपना नजरिया लेकर आ रहे हैं। दो गैंग्स के एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करने के साथ, हर फैसला गेम बदल सकता है और यह बेहद इंटेंस होने वाला है। मैं अपने अनुभव को साथ लाऊंगा, अपनी रणनीति बनाऊंगा, अपनी गैंग का साथ दूंगा और मैं यहां जीतने के लिए आया हूं।'

Baseer Ali ने कहा, 'कुछ यात्राएं किसी वजह से वापस आती हैं। 2017 में, मैं एक सपने के साथ रोडीज़ में आया था, खुद को साबित करने के लिए बहुत कुछ था और बिल्कुल नहीं पता था कि यह सफर मुझे कहां ले जाएगा। मैं एक रोडी था। मैं एक रोडी बनकर वापस आया। मुझे पर्दे के पीछे से भी रोडीज़ की जर्नी जीने का मौका मिला। और आज, इतने सालों बाद, मैं उस जगह वापस आ रहा हूं जहां से यह सब शुरू हुआ था, लेकिन इस बार एक गैंग लीडर के रूप में। एक कंटेस्टेंट से लेकर अब रोडीज़ की अगली पीढ़ी को मेंटर करने तक, रीबर्थ गेम में एक बिल्कुल नई जंग लेकर आ रहा है: ओजीज़ 1ह्य न्यूजीज़। यह एक फुल-सर्कल मोमेंट है और यह मेरे लिए बेहद खास है!'

गैंग लीडर के रूप में डेब्यू कर रहे यूथ आइकन अभिषेक मल्हान ने कहा, 'रोडीज़ सिर्फ टास्क में सर्वाइव करने के बारे में नहीं है; यह गेम में सर्वाइव करने के बारे में है। और इस सीजन मुझे दूसरी तरफ रहकर दो और लीडर्स के साथ एक गैंग लीड करने का मौका मिल रहा है, जो ईमानदारी से कहूं तो एक बहुत ही शानदार एहसास है और सच कहूं तो मुझे बिल्कुल भी अंदाज़ा नहीं था। ओजीज़ और न्यूजीज़ के एक साथ आने से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा, बहुत कुछ दिखाने को मिलेगा और बहुत ज्यादा कॉम्पिटिशनहोगा। मैं गेम में अपना खुद का स्टाइल लाने, अपनी गैंग का साथ देने और रोडीज़ की जर्नी पर अपनी खुद की लेगेसी बनाने के लिए तैयार हूँ।'

रोडीज़ में न्यूजीज़ के रूप में वापसी कर रहीं बनी जे ने कहा, 'रोडीज़ बहुत बदल चुका है और न्यूजीज़ के रूप में वापस आना निश्चित रूप से एक दिलचस्प एहसास है। लेकिन दिन के अंत में, गेम अभी भी वही गेम है, आपको इसे सर्वाइव करने के लिए आग अपने अंदर रखनी होगी। मैं ऐसे लोगों को देखना चाहती हूं जो बिना किसी माफी के खुद जैसे हैं, जो जोखिम लेने से डरते नहीं हैं और जो मुश्किल समय आने पर वास्तव में आगे बढ़ सकते हैं। एक गैंग लीडर के रूप में, मैं किसी के लिए चीजें आसान नहीं बनाने वाली। रोडी का टाइटल चाहिए? तो उसे कमाना होगा। मुझे यह देखने में ज्यादा दिलचस्पी है कि जब लोगों को उनकी कम्फर्ट ज़ोन से बाहर धकेला जाता है, तब वे वास्तव में किस चीज से बने हैं।' पूरी एनर्जी इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर 5, पंचकुला में चरम पर पहुंची, जहां इच्छुक रोडीज़ एक साथ आए और चुनौती का सामना करते हुए अपनी क्षमता साबित करने के लिए तैयार हुए। चंडीगढ़ ऑडिशन ऑडिशन जर्नी का दूसरा पड़ाव रहा, जिसमें युवा उम्मीदवार अपने जज्बे, दृढ़ संकल्प और अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने की क्षमता को परखने के लिए उत्सुक नजर आए।

भारत विकास परिषद कृष्ण शाखा द्वारा शिक्षक दिवस बड़े ही भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक रूप में मनाया

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल, (वालिया)

शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम सांस्कृतिक पखवाड़े के अंतर्गत स्थानीय कृष्ण पाठशाला में भारत विकास परिषद कृष्ण शाखा द्वारा शिक्षक दिवस बड़े ही भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक रूप में मनाया गया। अध्यक्षा सोनिया मेहता द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से की गई। उन्होंने बच्चों को संस्कार से जुड़ी विशेष बातों का ज्ञान दिया ।

इस अवसर पर हमारी समर्पित शिक्षिका प्रियंका जी के अथक प्रयासों को नमन किया गया।जो प्रतिदिन लगभग दो घंटे 25 बच्चों को शिक्षा एवं ज्ञान प्रदान कर रही है,जो वंचित परिवारों से आते हैं।उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत कर रही हैं। प्रियंका को प्रशस्ति पत्र देकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। उनका यह सेवा एवं संस्कार का कार्य वास्तव में समाज के लिए प्रेरणादायक है।

'एक शिक्षक केवल पाठ नहीं पढ़ाता, वह बच्चों के सपनों को दिशा देकर उनके भविष्य का निर्माण करता है।'

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए शाखा सचिव सुमन अरोड़ा का विशेष धन्यवाद, जिनके सहयोग से आज सभी बच्चों को आवश्यक स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराई गई। बच्चों के प्रति उनका यह स्नेह और सेवा भाव सराहनीय है। साथ ही इस सेवा कार्य में सहयोग के लिए नरेश अरोड़ा , अनीश अरोड़ा, हर्षिता सुखिजा एवं राज अरोड़ा का भी हृदय से आभार एवं धन्यवाद किया।

18-19 वर्ष के युवाओं को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने के लिए 10 सितंबर को होगा मेगा इवेंट: ओएसी मंडल

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने और उन्हें मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रयात-बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में 10 सितंबर को सुबह 11 वजे आयोजित किए जाने वाले मेगा इवेंट की तैयारियों को लेकर आज रयात-बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में ओएसडी (शहरी मामले) ओएसी मंडल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एसडीएम होशियारपुर परमप्रीत भी मौजूद थे। बैठक में ओ.एस.डी. ओएसी मंडल ने बताया कि कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर-कम-ज़िला निर्वाचन अधिकारी आशिका जैन मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों से 18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के मतदाता पंजीकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र युवाओं को मतदाता के रूप में पंजीकृत करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी मजबूत करने के लिए यह जरूरी है कि प्रत्येक पात्र युवा अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित करें। बैठक के दौरान ओएसी मंडल ने 10 सितंबर को होने वाले मेगा इवेंट की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल से कार्य करने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा पुबोवाल तालाब

डीसी जतिन लाल ने सौंदर्यीकरण कार्य का किया अवलोकन, पंचायत को जल्द टेंडर निकालने के निर्देश

ऊना, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)



उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने सोमवार को हरोली उपमंडल की ग्राम पंचायत पुबोवाल में पुराने तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने पंचायत को इसके आगामी विकास के लिए जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि तालाब परिसर को बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और परिवारों के लिए आकर्षक एवं रमणीक पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि पारंपरिक जल स्रोत किसी क्षेत्र की प्राकृतिक विरासत होते हैं। इनके संरक्षण के साथ आसपास के क्षेत्र को सुविधाजनक और आकर्षक रूप दिया जाए तो ये स्थानीय लोगों के लिए मनोरंजन और सामुदायिक गतिविधियों के बेहतर केंद्र बन सकते हैं। उन्होंने तालाब के सौंदर्यीकरण में गुणवत्ता और सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि हरोली क्षेत्र में पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विज़न के अनुरूप क्षेत्र में ऐसे कई पुराने तालाबों को नया स्वरूप देने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जल स्रोतों के संरक्षण के साथ इनके आसपास के क्षेत्रों को भी लोगों के उपयोग के लिए बेहतर बनाया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि पुबोवाल तालाब को केवल जल स्रोत तक सीमित न रखते हुए इसके आसपास ऐसा वातावरण विकसित किया जाए, जहां लोग परिवार के साथ समय बिता सकें। उन्होंने पंचायत को विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत पुबोवाल के प्रधान सुमन लाल, पूर्व प्रधान संतोष दास बिट्टू, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा तथा बीडीओ मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिले में किसान रजिस्ट्री के लिए सितंबर में विशेष शिविर, मौके पर होगी रजिस्ट्री

ऊना, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

एग्रीस्टैक के तहत किसान रजिस्ट्री को गति देने और किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए कृषि विभाग ऊना द्वारा सितंबर माह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किसान रजिस्ट्री शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिले में कुल 67 स्थानों पर शिविर निर्धारित किए गए हैं। इन शिविरों में किसान रजिस्ट्री मौके पर ही की जाएगी।

अम्ब ब्लॉक में 8 सितंबर को जबेहड़ पंचायत घर, 10 सितंबर को कलरूही पंचायत घर, 15 सितंबर को उपमहाल टकारला पंचायत घर, 17 सितंबर को लोहरा खास पंचायत घर, 23 सितंबर को अंदौरा उप्परला पंचायत घर और 29 सितंबर को धर्मशाला महंता पंचायत घर में सुबह 11:30 बजे शिविर होंगे।

बंगाणा ब्लॉक में 8 सितंबर को खुरवाई पंचायत घर, 10 सितंबर को मंदली पंचायत घर, 15 सितंबर को थानाकलां पंचायत घर, 22 सितंबर को हटली पंचायत घर और 25 सितंबर को रायपुर पंचायत घर में सुबह 11 बजे किसान रजिस्ट्री शिविर आयोजित होंगे। इसके अलावा एटीएम/बीटीएम स्टाफ द्वारा 8 सितंबर को तनोह पंचायत घर, 9 सितंबर को मलांगड़ पंचायत घर, 16 सितंबर को बल्ह पंचायत घर, 18 सितंबर को डीहर पंचायत घर, 22 सितंबर को बौल पंचायत घर और 24 सितंबर को अम्बेहड़ा धीरज पंचायत घर में सुबह 11 बजे शिविर लगाए जाएंगे। गगरेट ब्लॉक में 8 सितंबर को मावा सिंधियां पंचायत घर, 10 सितंबर को नकड़ोह पंचायत घर, 15 सितंबर को बधेड़ा रायपूतां पंचायत घर, 17 सितंबर को अम्बोटा पंचायत घर, 21 सितंबर को बड़ोह पंचायत घर और 25 सितंबर को गुगलेहड़ पंचायत घर में सुबह 11:30 बजे शिविर होंगे।

वहीं एटीएम/बीटीएम स्टाफ द्वारा 8 सितंबर को ओयल पंचायत घर, 10 सितंबर को गगरेट पंचायत घर, 11 सितंबर को भद्रकाली पंचायत घर, 14 सितंबर को गोंदपुर बनेहड़ा पंचायत घर, 16 सितंबर को पिरथीपुर खास पंचायत घर, 18 सितंबर को गोंदपुर बनेहड़ा उप्परला पंचायत घर, 19 सितंबर को दंगोह खास पंचायत घर, 21 सितंबर को चलेट पंचायत घर, 23 सितंबर को लोहारली पंचायत घर, 25 सितंबर को अमलेहड़ा पंचायत घर, 28 सितंबर को सलोह बेरी पंचायत घर और 30 सितंबर को मावा सिंधियां पंचायत घर में सुबह 11 बजे शिविर होंगे।

हरोली ब्लॉक में 9 सितंबर को समनाल पंचायत घर, 16 सितंबर को रोड़ा पंचायत घर, 19 सितंबर को पालकवाह पंचायत घर, 29 सितंबर को पुबोवाल पंचायत घर और 30 सितंबर को ईसपुर पंचायत घर में सुबह 11 बजे शिविर होंगे। इसके अतिरिक्त एटीएम/बीटीएम स्टाफ द्वारा 9 सितंबर को पंडोगा निचला पंचायत घर, 11 सितंबर को करमपुर पंचायत घर, 15 सितंबर को चक्क खड्ड पंचायत घर, 22 सितंबर को भदोड़ी पंचायत घर और 28 सितंबर को कांगड़ पंचायत घर में सुबह 11 बजे किसान रजिस्ट्री शिविर लगाए जाएंगे। ऊना ब्लॉक में 8 सितंबर को बसोली निचली पंचायत घर और उपमहाल निचली भटोली पंचायत घर, 11 सितंबर को महाल उपरी देहलां पंचायत घर और चलोला-1 पंचायत घर, 15 सितंबर को धमांदरी पंचायत घर और चरतगढ़ निचला पंचायत घर, 17 सितंबर को कोटला कलां उपरला स्थित कोऑपरेटिव एग्रीकल्चर सोसायटी और खानपुर पंचायत घर, 19 सितंबर को कुरियाला पंचायत घर और लमलेहड़ी उप्परली पंचायत घर, 22 सितंबर को मलाहत पंचायत घर और माजरा पंचायत घर, 25 सितंबर को सासन पंचायत घर और नारी निचली पंचायत घर तथा 29 सितंबर को टब्बा पंचायत घर और रायपुर उप्परला पंचायत घर में सुबह 11 बजे शिविर आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले विभिन्न उपमंडलों में 3 और 5 सितंबर को पांच शिविर आयोजित हो चुके हैं, जबकि 7 सितंबर को सैंसोंवाल में एक शिविर आयोजित किया गया है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. प्रेम सिंह ने किसानों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर पहुंचकर किसान रजिस्ट्री करवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि शिविरों में संबंधित कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी किसानों को पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करवाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

बड़ा लक्ष्य तय करें, मेहनत और आत्मविश्वास से आगे बढ़ें : जतिन लाल

'अपना विद्यालय-हिमाचल स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम' के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना में छात्रों से किया संवाद

ऊना, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)



उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने सोमवार को 'अपना विद्यालय-हिमाचल स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम' के तहत गोद लिए गए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला -2 ऊना में छात्रों के साथ संवाद किया। उन्होंने छात्रों को जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित करने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और उसे हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशे से दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने का भी आह्वान किया।

उपायुक्त ने कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता को पहचानकर भविष्य की दिशा तय करें। जीवन में चुनौतियां आती हैं, लेकिन उनसे घबराने के बजाय आत्मविश्वास के साथ उनका सामना करना चाहिए। उन्होंने छात्रों से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए लगातार प्रयास करते रहने को कहा। संवाद सत्र में छात्रों ने करियर, प्रशासन और शिक्षा से जुड़े विभिन्न सवाल उपायुक्त के समक्ष रखे। उपायुक्त ने सहज अंदाज में उनके सवालों के जवाब दिए तथा उन्हें करियर को लेकर स्पष्ट सोच विकसित करने, अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखने और लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहने के लिए मार्गदर्शन दिया।

बैडमिंटन कोर्ट के लिए मैट और फ्लड लाइट का प्रस्ताव

विद्यालय में खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के संबंध में उपायुक्त ने बैडमिंटन कोर्ट के लिए मैट और फ्लड लाइट उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुविधाएं जल्द ही उपलब्ध कराई जाएंगी।

83 सरकारी विद्यालय कार्यक्रम में शामिल

उल्लेखनीय हांकी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल 'अपना विद्यालय-हिमाचल स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम' के तहत ऊना जिले में प्रथम चरण में 83 सरकारी विद्यालयों को शामिल किया गया है। विभिन्न प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों ने इन विद्यालयों को गोद लिया है। उपायुक्त जतिन लाल ने स्वयं जिले के चार सरकारी विद्यालय गोद लिए हैं और इनमें नियमित रूप से जाकर विद्यार्थियों से संवाद करते हैं तथा विद्यालयों की आवश्यकताओं की जानकारी लेते हैं। कार्यक्रम की मूल भावना अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता और विद्यार्थियों के साथ नियमित संवाद के माध्यम से उन्हें मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देना है। इसके तहत विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस, व्यक्तित्व विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और सकारात्मक जीवन दृष्टि जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देने के साथ विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप खेल, लाइब्रेरी, आईसीटी और अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कौंडल ने कहा कि उपायुक्त के विद्यालय से सीधे जुड़ने और लगातार मार्गदर्शन से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा है।

एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन' 16 सितंबर को

ऊना, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत ऊना में 'एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन' का आयोजन 16 सितंबर को किया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने यह जानकारी दी।



वॉकाथॉन इंदिरा स्टेडियम ऊना से शुरू होकर बस स्टैंड के समीप यू-टर्न लेते हुए वापस इंदिरा स्टेडियम में संपन्न होगी। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रात: लगभग 10 बजे वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाएंगे तथा प्रतिभागियों के साथ स्वयं भी वॉकाथॉन में चलेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री युवाओं से संवाद भी करेंगे। वॉकाथॉन का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में नशे के विरुद्ध सामूहिक चेतना को मजबूत करना है। विशेषकर युवा वर्ग को नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने पर जोर रहेगा। उपायुक्त ने युवाओं, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों तथा आमजन से इस जन-जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी जरूरी है और सामूहिक प्रयासों से ही नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

हांसी में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की नई यूनिट का शुभारंभ



पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, शिकायतों के त्वरित निवारण तथा क्षेत्र में पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को हांसी में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की नई यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया गया।

नई यूनिट का उद्घाटन हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ. अर्शिंदर सिंह चावला द्वारा पट्टिका का अनावरण कर किया गया। हांसी पहुंचने पर हांसी पुलिस की ओर से पुलिस महानिदेशक डॉ. अर्शिंदर सिंह चावला को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने अनुशासित ढंग से सलामी देकर उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार,अर्श वर्मा, पुलिस अधीक्षक, SV & ACB हिसार रेंज, हिसार, सोमवीर सिंह, एचपीएस, उप पुलिस अधीक्षक, SV & ACB यूनिट हांसी, इंस्पेक्टर नरेंद्र सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। नई यूनिट के स्थापित होने से हांसी क्षेत्र में भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों की प्रभावी निगरानी, त्वरित कार्रवाई तथा मामलों की निष्पक्ष एवं गहन जांच को और गति मिलेगी। इससे आमजन को भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें दर्ज कराने तथा उनके शीघ्र निवारण के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस महानिदेशक डॉ. अर्शिंदर सिंह चावला ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप SV & ACB द्वारा भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नई यूनिट के माध्यम से क्षेत्र में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पेज एक का शेष

कोर्ट किसी भी...

मौके पर महिलाओं के लिए करोड़ों रुपये जारी करने का भी ज़िक्र किया। एक और याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट चेतन मित्तल ने कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक हाई कोर्ट के निर्देशानुसार अनुपालन हलफनामा दाखिल नहीं किया है। हालांकि, बेंच ने कहा कि वह केस की फाइल देखने के बाद ही याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। अब इस मामले पर गुरुवार को आगे सुनवाई होने की संभावना है। उनके शपथ ग्रहण वाले दिन आया यह बयान इस बात का शुरुआती संकेत देता है कि चीफ जस्टिस मिश्रा हाई कोर्ट में किस तरह का संस्थागत रुख अपनाना चाहते हैं।

फरार पीजी मालिक...

के पांच वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत सस्पेंड किए गए अधिकारियों में साउथ ज़ोन के डिप्टी कमिश्नर राकेश कुमार, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (बिल्डिंग), असिस्टेंट इंजीनियर (बिल्डिंग) और जूनियर इंजीनियर (बिल्डिंग) शामिल हैं। सस्पेंशन के आदेशों के अनुसार, सस्पेंशन की अवधि के दौरान इन अधिकारियों को लागू नियमों के अनुसार निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। दिल्ली नगर निगम ने सत्य निकेतन में एक इमारत को 'खंडहर/खतरनाक' घोषित किया है और इलाके में इमारत गिरने की एक घातक घटना, जिसमें छह लोगों की जान चली गई थी, के बाद इसे तीन दिनों के भीतर गिराने का आदेश दिया है।

चंडीगढ़ में किसानों...

प्रावधानों को रद्द करने की बात कही गई थी। इसके साथ ही, बिजली संशोधन विधेयक, बीज विधेयक और किसानों के कर्ज के एकमुश्त निपटान सहित कुछ अन्य मांगें भी मान ली गईं। इनमें गन्ने की कीमत बढ़ाने की मांग भी शामिल थी।

अमृतसर एयरपोर्ट के...

उड़ानों में से पांच अमृतसर लौट आईं। दिल्ली भेजी गई एक एयर इंडिया की उड़ान रद्द कर दी गई, जबकि मलेशिया की उड़ान के सोमवार को अमृतसर पहुंचने की उम्मीद है। घटना की जांच पुलिस कर रही है।

इटावा में डबल...

की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझाई गई, तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। हादसे के बाद काफी देर तक मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा।

वाहनों से टकराने...

की गई थी। उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के अनुसार, 32 साल पुराने बोइंग 767 विमान को मूल रूप से यात्रियों को ले जाने के लिए बनाया गया था। विमान ने दो दशक से अधिक समय तक कई विमानन कंपनियों के लिए उड़ान भरी। वर्ष 2015 में इसे मालवाहक विमान में बदल दिया गया था।

राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने बताया कि वह हादसे की जांच के लिए मियामी में एक टीम भेज रहा है। टीम का नेतृत्व बोर्ड की अध्यक्ष जेनिफर होमेंडी करेंगी। अमेजन ने एक बयान में कहा कि वह किसी भी जांच में सहयोग के लिए तैयार है। कंपनी ने हादसे में पांच लोगों की मौत पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों और इस घटना से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

नेपाल में बाढ़...

मदद कर रही हैं। 26 अगस्त को नेपाल-तिब्बत सीमा के पास बर्फ और चट्टानें गिरने से आई अचानक बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल के कस्बों और गांवों में भारी तबाही मचाई। हिमालयी सीमा क्षेत्र से दक्षिण की ओर बहने वाली भोटेकोशी नदी बाढ़ का पानी निचले इलाकों में ले गई, जिससे घर, वाहन, सड़कें और पुल बह गए और पनबिजली परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा। चीनी मीडिया की खबरों के अनुसार, इस आपदा में चीन की तरफ कम से कम 21 लोगों की मौत हुई है, जबकि तिब्बत में 500 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

जजपा पंचकूला नेताओं ने डायरेक्टर अर्बन लोकल बॉडीज हरियाणा को सफाई एवं फायर कर्मियों की मांग तुरंत मानने के लिये सौंपा ज्ञापन

पैग़ाम-ऐ-जगत
हरियाणा/पंचकूला(दिनकर गावड़ी)

जननायक जनता पार्टी पंचकूला के ज़िला अध्यक्ष ओ पी सिहाग की अगुआई में जजपा पंचकूला हल्का प्रधान राजेश निषाद एवं जिला कार्यालय सचिव सुरिन्दर चड्ढा ने सेक्टर-4 पंचकूला में शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के महानिदेशक मुकुल कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की तथा पंचकूला सहित प्रदेश भर के हज़ारों हड़ताली कर्मचारियों की जायज़ मांगे मानने के लिये उनको एक ज्ञापन सौंपा। जजपा ज़िला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने महानिदेशक अर्बन लोकल बॉडीज मुकुल कुमार से आग्रह किया कि पिछले एक महीने से मजबूरी में अपनी मांगों को लेकर पंचकूला सहित प्रदेश भर के हज़ारों सफ़ाई कर्मचारी एवं फायर विभाग के अस्थाई कर्मचारी लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के खिलाफ हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला पंचकूला के पंचकूला, कालका एवं पिंजौर जैसे शहरों की सडकों एवं गलियों में सेंकड़ों टन कुड़ा एकत्रित हो गया है ,हर रोज हो रही बारिश की वजह से महामारी फैलने का

- **अगर सफ़ाई कर्मचारियों की हड़ताल शीघ्र खत्म नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में सफ़ाई को लेकर विकट स्थिति पैदा हो जाएगी : ओ.पी. सिहाग**



खतरा पैदा हो गया है। ओ पी सिहाग ने कहा पूरे प्रदेश के सभी शहरों में इस हड़ताल की वजह से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। अगर जल्दी ही सफ़ाई कर्मचारियों की जो जायज मांगे हैं उनको न माना गया तो बारिश के मौसम में सफ़ाई को लेकर विकट स्थिति पैदा हो जाएगी जिसकी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार की होगी। महानिदेशक को ज्ञापन सौंपते हुए जजपा ज़िला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने उनको कहा कि हरियाणा सरकार को अपनी बात पर कायम रह कर हड़ताली कर्मचारियों की सारी मांगे तुरंत मान लेने चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने 4 महीने पहले जब कर्मचारी हड़ताल पर गए थे तो नगर पालिका कर्मचारी संघ के साथ 13 मई 2026 को बातचीत के बाद सभी प्रमुख मांगों को सैद्धांतिक तौर पर मान लिया गया था तथा 20 जून 2026 तक पूरा करने का आश्वासन दिया था ,जिसमें हज़ारों की संख्या में लगे कच्चे सफ़ाई कर्मियों एवं फायर कर्मियों को पक्का करने, ठेका प्रथा बंद करने के साथ अन्य मांगे भी शामिल थी। परंतु अब सरकार अपने वादे से मुकर रही है, इस वजह से ये कर्मचारी मजबूरी में हड़ताल पर गए हैं। जजपा नेताओं ने डायरेक्टर अर्बन लोकल बॉडीज से अपील की प्रदेश सरकार को हठधर्मी छोड़कर प्रदेश हित में एवं हज़ारों सफाई कर्मचारियों के हित में उनको बुलाकर बातचीत करके मांगों को मानकर इस लंबी चल रही हड़ताल तथा आन्दोलन को तुरंत खत्म करवाना चाहिए ताकि सभी शहरों में सफ़ाई व्यवस्था पटरी पर लौट सके।

काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने सेक्टर 41-बी में ओपन एयर जिमनास्टिक्स का उद्घाटन किया

पैग़ाम-ऐ-जगत/चंडीगढ़
7 सितंबर (हरमिंदर नागपाल)

चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड नंबर 30 के काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने अपने वार्ड के गांव बुटेरला के प्रवेश द्वार पर (सेक्टर 41-बी) स्थित ग्रीन बेल्ट (ट्यूबवेल वाले पार्क) में 'ओपन एयर जिमनास्टिक्स' का उद्घाटन किया। इस मौके पर वार्ड के बड़ी संख्या में निवासी मौजूद थे।



इस अवसर पर बोलते हुए काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने कहा कि हमारे वार्ड के लिए यह बहुत खुशी का दिन है कि हम सभी को स्वस्थ रखने के लिए इस 'ओपन एयर जिम' का उद्घाटन किया गया है। यह जिम हमारे बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को नशीले पदार्थों और बुरी आदतों से दूर रखेगा और उन्हें खेल-कूद और सेहत की ओर प्रेरित करेगा। आइए हम सब रोज़ाना यहाँ आकर व्यायाम करने का संकल्प लें और इस जिम की मशीनों के रखरखाव को भी अपनी ज़िम्मेदारी समझें।

उन्होंने कहा कि उद्घाटन के समय छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में जो भारी उत्साह दिखा, उससे पता चलता है कि उनके वार्ड के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं खुश हैं और वे एक बहुत ही नेक काम करने में सफल रहे हैं। काउंसलर हरदीप सिंह ने वार्ड निवासियों से अपील की कि वे ऐसी सुविधाओं का लाभ उठाएं ताकि बीमारियों से बचकर शरीर को स्वस्थ रखा जा सके। खासकर बच्चों को इन ओपन एयर सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

इस मौके पर गुरमुख सिंह सरपंच, कमलजीत सिंह, सुरजीत सिंह, भूपिंदर सिंह, सेवा सिंह, अवतार सिंह, सुच्चा सिंह, बलबीर सिंह सैनी, करतार राणा, हरजीत सिंह आदि भी मौजूद थे।

सीआईए असंध की सख्त कार्रवाई, स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी काबू

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
07 सितंबर (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा आपराधिक वारदातों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ एवं छीनी गई संपत्ति की बरामदगी के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सीआईए असंध की टीम ने इंचार्ज उप निरीक्षक सलिंदर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान गौरव पुत्र प्रकाश निवासी राजौंद, थाना राजौंद, जिला कैथल के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गांव राजौंद, जिला कैथल से गिरफ्तार किया।

मामले की जानकारी देते हुए अनुसंधान

- **आरोपी के कब्जे से वारदात में छीना गया सोने का ओम (लॉकेट) बरामद**



अधिकारी मुख्य सिपाही राजिंदर सिंह ने बताया कि दिनांक 29 अगस्त 2026 को शाम के समय एक महिला काम से लौटकर अपने घर जा रही थी। इसी दौरान रहटक चौक के नजदीक पीछे से आए आरोपी ने उसके गले से सोने का ओम (लॉकेट) झपट लिया और मौके से फरार हो गया। जिसके संबंध में स्नैचिंग की संबंधित धाराओं के तहत थाना असंध में मामला दर्ज किया गया था।

मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी गौरव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में छीना गया एक सोने का ओम (लॉकेट) बरामद किया है।

पुलिस टीम द्वारा आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से माननीय अदालत के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए न्यायपालिका पर दबाव बनाने की प्रथा लोकतंत्र के लिए घातक : तीक्षण सूद

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अश्वनी मिश्रा के शपथ समारोह को रोकने के लिए पंजाब सरकार द्वारा कैबिनेट में पास कीये गये प्रस्ताव को लोकतंत्र के लिए घातक बताते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद ने इसकी कड़ी निंदा की है। स्वयं वकालत के पेशे से संबधित सूद ने कहा कि भारत के संविधान में विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका को अलग-अलग शक्तियां प्रदान की गई है। विधायिका का काम कानून तथा नियम बनाना, कार्यपालिका का काम उन्हें लागू करवाना तथा न्यायपालिका का काम उन्हे संविधान की कसौटी परख कर उसकी व्याख्या करना है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता संविधान में यकीनी बनाई गई।



मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय की कॉलेजियम द्वारा की जाती है तथा राज्य सरकार को केवल उसकी जानकारी भेजी जाती है। राज्य सरकार को उस पर वीटो करने का कोई अधिकार नहीं होता। फिर भी ऐसे मामलो को कैबिनेट में लाना तथा मीडिया में उछाल कर न्यायपालिका पर दबाव बनाना पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि आप नेता पहले भी दिल्ली हाई कोर्ट के माननीय न्यायाधीश पर अनगर्ल आरोप लगाकर अदालतों का बायकाट आदि भी कर चुके है जो कि अत्यंत निंदनीय है। ऐसे असंवैधानिक तरीके से वह चुनी हुई है सरकार की शक्तियों का गलत प्रयोग करके न्याय प्रणाली में दखलअंदाजी करके लोगों में न्यायतंत्र को बदनाम कर रहे है जोकि देश के लोकतंत्र के लिए बहुत ही हानिकारक सिद्ध होने वाला है। लोगों को ऐसी चालों से सचेत रहने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 साल की जन सेवा को समर्पित 'सेवा संकल्प अभियान' संबंधी भाजपा जिला मोहाली के सर्कल प्रधानों की मीटिंग

पैग़ाम-ऐ-जगत
खरड़, (दविंदर कौर)

भारतीय जनता पार्टी जिला मोहाली के सर्कल प्रधानों की एक अहम मीटिंग हुई, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की लंबी और समर्पित जन सेवा के 25 साल पूरे होने के मौके पर 'सेवा संकल्प अभियान' को सफल बनाने संबंधी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में विशेष तौर पर सूबा सह-कैशियर सुखविंदर सिंह गोल्डी, जिला प्रधान संजीव वशिष्ठ, भानु प्रताप राणा, एन. के.



बर्मा, जगदीप सिंह औजला, अवशेख ठाकुर और सारे सर्कल प्रधान हाजिर रहे।

इस मौके पर नेताओं ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जी की 25 सालों की जन सेवा, राष्ट्र निर्माण और विकास के लिए समर्पण को लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला मोहाली में विभिन्न सेवा कार्य करवाए जाएंगे।

अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा कार्य, स्वास्थ्य जांच कैंप, सफाई मुहिम, पेड़ लगाने, स्कूलों में सेवा कार्य और समाज के विभिन्न वर्गों की भलाई के लिए प्रोग्राम करवाए जाएंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को भी लोगों तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा नेताओं ने सर्कल प्रधानों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस 'सेवा संकल्प अभियान' को हर गांव और हर वार्ड तक ले जाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा कार्यों से जोड़ें।

एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की कार्रवाई, चोरीशुदा दो मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
07 सितंबर (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने तथा चोरीशुदा वाहनों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने इंचार्ज निरीक्षक सुरिंदर कुमार के नेतृत्व में प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरीशुदा दो मोटरसाइकिलों के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर दो चोरीशुदा मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान कृष्ण पुत्र रोशन लाल निवासी गांव रायपुर जाटान, थाना मुनक, जिला करनाल के रूप में हुई है।

मामले की जानकारी देते हुए अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक दलित सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर टीम ने संडे मार्केट, मेरठ चौक के नजदीक कार्रवाई करते हुए आरोपी कृष्ण को काबू किया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने चोरीशुदा मोटरसाइकिलों को चोरी का पता होने के बावजूद सस्ते दाम के लालच में अन्य व्यक्ति से खरीदा था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा दो चोरीशुदा मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। आरोपी को मामले में नियमानुसार गिरफ्तार कर आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से माननीय अदालत के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल करनाल भेज दिया गया।



खेडां वतन पंजाब दीयां-2026' के ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों का उत्साह के साथ आगाज

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पंजाब सरकार के खेल विभाग की ओर से करवाए जा रहे 'खेडां वतन पंजाब दीयां-2026, सीजन-4' के तहत आज जिले के विभिन्न ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय खेल

- **पहले दिन जिले के विभिन्न ब्लॉकों में करीब 1500 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा**



मुकाबलों की शुरुआत हुई। पहले दिन खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी (सर्कल स्टाइल), कबड्डी (नेशनल स्टाइल), वॉलीबॉल (शूटिंग व स्पैशिंग) और फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

जिला खेल अधिकारी होशियारपुर सुरजीत सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय खेल मुकाबले 7 से 9 सितंबर तक करवाए जा रहे हैं। पहले दिन जिले में करीब 1500 खिलाड़ियों एवं खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जो खेलों के प्रति युवाओं के बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। ब्लॉक होशियारपुर-2 के गांव बोहन स्थित सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खेल मुकाबलों का उद्घाटन विधायक चब्बेवाल डॉ. इशांक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि किया। यहां अंडर-21 एथलेटिक्स की 100 मीटर दौड़ में गोपी ने पहला, जसकरण सिंह ने दूसरा और हरमनदीप सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया।

ब्लॉक गढ़शंकर के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खेल मुकाबलों का उद्घाटन डिप्टी स्पीकर पंजाब जय कृष्ण रोड़ी के ओएसडी चरणजीत सिंह चन्नी ने किया। इस अवसर पर एसडीएम गढ़शंकर संजीव कुमार भी मौजूद रहे। अंडर-17 लड़कों की 100 मीटर दौड़ में रोहित शर्मा ने पहला, हरजाप सिंह ने दूसरा और तुषार चौधरी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

ब्लॉक टांडा के ज्ञानी करतार सिंह मेमोरियल कॉलेज में विधायक टांडा जसबीर सिंह राजा ने खेलों का उद्घाटन किया। अंडर-14 लड़कियों की 600 मीटर दौड़ में दीपिका ने पहला, मानवी सैनी ने दूसरा और मनरीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इसी तरह ब्लॉक मुकेरियां में कैंप ग्राउंड में हलका इंचार्ज मुकेरियां सरबजीत सिंह साबी ने खेल मुकाबलों का उद्घाटन किया। अंडर-21 से 30 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों की 800 मीटर दौड़ में साहिलप्रीत सिंह ने पहला, राहुल सिंह ने दूसरा और मनहरदीप सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल अंडर-17 लड़कों के मुकाबले में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरसे कलोता की टीम ने पहला, हरदो खुंदपुर ने दूसरा और हरसे मानसार क्लब ने तीसरा स्थान हासिल किया।

जिला खेल अधिकारी ने कहा कि 'खेडां वतन पंजाब दीयां' का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना और स्वस्थ एवं खेल भावना से भरपूर वातावरण तैयार करना है।

विद्यार्थी एमएचयू से बागवानी की शिक्षा प्राप्त कर देश को विकसित बनाने में योगदान दें: प्रो सुरेश मल्होत्रा

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल (प्रवीण वालिया)

महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल में नव प्रवेशित बी.एससी. (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ-विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम का सोमवार को माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ किया जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर वक्ता सीता राम ब्यास ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर महाविद्यालय डीन डॉ. देवराज द्वारा मुख्य अतिथि व वक्ता का स्वागत किया।



एमएचयू कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों से कहा कि वे कड़ी मेहनत कर आगे बढ़े ओर लक्ष्य को हासिल करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेलकूद सहित हर विधा में बढ़चढ़ कर भाग लें, जिससे विद्यार्थियों के आत्म विश्वास ओर व्यक्तित्व विकास के लिए लाभकारी साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की सुविधाओं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, फार्म, परीक्षा प्रणाली, एंटी-रैगिंग, समय प्रबंधन, योग, तनाव प्रबंधन एवं बागवानी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी। बागवानी महाविद्यालय डीन डॉ देवराज ने विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने, समय का सदुपयोग करने तथा अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को बताया कि वे विश्वविद्यालय से बागवानी की शिक्षा प्राप्त कर देश की उन्नति में योगदान दे सकते है, इसके लिए उन्हें अभी से अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी होगी। आप लक्ष्य तक पहुंचे, इसके लिए एमएचयू के शिक्षक हर स्तर पर आपके साथ खड़े है, जो आपको आपके लक्ष्य तक पहुंचाने में योगदान देंगे। इस दौरान विश्वविद्यालय में दाखिला पाने वाले विद्यार्थियों ने माननीय कुलपति से बागवानी ओर कैरियर से सम्बधित कई प्रश्न पूछे, जिनका माननीय कुलपति ने सरल शब्दों में बखूबी जवाब दिए। वक्ता सीता राम ब्यास ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के अनुशासन और एकाग्रता के साथ काम करना चाहिए ओर जीवन में लक्ष्य निधारित कर आगे बढ़ना चाहिए। लक्ष्य निर्धारित करके ही सफलता पाई जा सकती है ओर तभी हम सभी मिलकर विकसित भारत बनाने में योगदान दे सकते है। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. राजिंदर कुमार, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह, डीन पीजीएस डॉ धर्मपाल, छात्र कल्याण निदेशक डा. रंजन गुप्ता,डॉ. राज कुमार एवं अन्य वैज्ञानिक एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे।

एसडीएम ने अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया, 7 सितंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की जनसमस्याएं सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसकी जांच करवाकर नियमानुसार शीघ्र समाधान किया जाए। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिन मामलों में किसी अन्य विभाग से समन्वय की आवश्यकता हो, उनमें संबंधित अधिकारी आपसी तालमेल से कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही, शिकायतकर्ता को उसकी शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाए।

रोटरी क्लब टाउन ने दो सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

शिक्षकों की सेवाओं को सम्मान देना समाज की जिम्मेदारी : एडवोकेट तरलोचन सिंह

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया, 7 सितंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

शिक्षक दिवस को समर्पित रोटरी क्लब रतिया टाउन की ओर से दो सेवानिवृत्त शिक्षकों परविंदर सिंह एवं प्रवक्ता कवलजीत सिंह को उनकी उल्लेखनीय शैक्षणिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। क्लब पदाधिकारियों ने दोनों शिक्षकों को शाल एवं प्रशंसा-पत्र भेंट कर उनके शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की।



सम्मान समारोह की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष एडवोकेट तरलोचन सिंह ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके अनुभव और मार्गदर्शन समाज के लिए प्रेरणादायक होते हैं। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब रतिया टाउन वर्ष 2009 से प्रत्येक वर्ष सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनकी शानदार एवं सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित करता आ रहा है। यह परंपरा शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास है।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी गमदूर सिंह एवं क्लब सचिव हरदीप सिंह ने उपस्थित अतिथियों एवं सम्मानित शिक्षकों का स्वागत किया तथा क्लब की गतिविधियों और समाजसेवा के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

सम्मानित शिक्षकों ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सम्मान शिक्षकों के लिए न केवल गौरव का विषय है, बल्कि उन्हें समाजहित में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित भी करता है।

समारोह में टेक सिंह चहल, मेजर सिंह, सतपाल सिंह, उदयदीप सिंह, सुखविंदर साधू, पलविंदर गिल और हरमन दंदीवाल सहित क्लब के अन्य सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

सिविल सर्जन द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय एवं सिविल अस्पताल से सटे क्वार्टरों तथा निर्माणाधीन क्षेत्र में डेंगू विरोधी गतिविधियों का जायजा

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

डेंगू की रोकथाम एवं डेंगू फैलाने वाले मच्छर की उत्पत्ति को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल द्वारा जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. जगदीप सिंह के सहयोग से सिविल सर्जन कार्यालय एवं सिविल अस्पताल से सटे क्वार्टरों तथा निर्माणाधीन क्षेत्र का दौरा कर डेंगू विरोधी गतिविधियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिला मास मीडिया अधिकारी रमणदीप कौर, पी.ए. सतपाल तथा एंटी-लार्वा स्टाफ भी उपस्थित था।



इस दौरान एंटी-डेंगू टीमों द्वारा सिविल अस्पताल से सटे क्वार्टरों के साथ-साथ सिविल अस्पताल के विभिन्न स्थानों की भी बारीकी से जांच की गई। टीमों द्वारा कूलरों, गमलों, पानी वाले कंटेनरों तथा पानी जमा होने वाले अन्य संभावित स्रोतों की जांच की गई। जहां भी पानी जमा होने वाले स्रोत पाए गए, वहां साफ-सफाई करवाई गई तथा अनावश्यक रूप से पानी जमा करने वाले स्रोतों को मौके पर ही हटाकर अथवा नष्ट करके समाप्त किया गया, ताकि डेंगू फैलाने वाले मच्छर का लार्वा उत्पन्न न हो सके।

इसके साथ ही सिविल अस्पताल के निर्माणाधीन क्षेत्र का भी विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। निर्माण स्थल पर पानी जमा होने वाले संभावित स्थानों की जांच की गई तथा जमा पानी के स्रोतों को समाप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा भविष्य में पानी जमा न होने देने के लिए संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

सिविल सर्जन डॉ. मनदीप कमल ने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए डेंगू फैलाने वाले मच्छर की उत्पत्ति के स्रोतों को समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जमा पानी डेंगू फैलाने वाले मच्छर के लार्वा के पनपने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। इसलिए घरों, क्वार्टरों, कार्यालयों तथा निर्माणाधीन स्थानों पर पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने संबंधितों को यह भी निर्देश दिए कि पानी की पाइपों में हो रही लीकेज को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए, ताकि पानी जमा होने की स्थिति उत्पन्न न हो और डेंगू फैलाने वाले मच्छर के लार्वा को पनपने के लिए स्थान न मिल सके।

सिविल सर्जन ने लोगों से अपील की कि डेंगू की रोकथाम स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने घरों, क्वार्टरों एवं आसपास पानी जमा न होने दें तथा प्रत्येक शुक्रवार 'हर शुक्रवार डेंगू पर वार' अभियान के तहत ड्राई डे मनाते हुए पानी के सभी संभावित स्रोतों की जांच कर उन्हें खाली एवं साफ करें। उन्होंने कहा कि डेंगू विरोधी सर्वेक्षण, एंटी-लार्वा गतिविधियां एवं जागरूकता अभियान को और तेज करते हुए ये गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी।

नेत्रदान करें-किसी के जीवन में रोशनी लाएं'

41वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा समारोह मॉडल टाउन क्लब, होशियारपुर में आयोजित

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

नेत्रदान एसोसिएशन (रजि.), होशियारपुर द्वारा जिला ब्लाइंडनेस कंट्रोल सोसायटी के सहयोग से 41वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत आज मॉडल टाउन क्लब, होशियारपुर में विशेष जागरूकता समारोह आयोजित किया गया।



समारोह में श्री ब्रह्म शंकर जिंपा, मौजूदा विधायक, होशियारपुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ श्रीमती परवीन सैनी, मेयर, होशियारपुर भी उपस्थित रहीं। डॉ. मनदीप कमल, सिविल सर्जन, होशियारपुर Guest of Honour थीं, लेकिन सरकारी व्यस्तताओं के कारण उनकी ओर से डॉ. नेहा पॉल ने प्रतिनिधि के रूप में समारोह में भाग लिया।

एसोसिएशन के पैट्रन प्रो. बहादुर सिंह सुनेत ने अपने भावुक संबोधन में कहा, 'इंसान की जिंदगी समाप्त हो सकती है, लेकिन उसकी आंखों की रोशनी किसी दूसरे व्यक्ति की जिंदगी में हमेशा जीवित रह सकती है।' उन्होंने लोगों से नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील की। उनके भावुक संदेश ने उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया।

इस अवसर पर एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य इंजीनियर जसबीर सिंह को भी सम्मानपूर्वक याद किया गया। उन्होंने नेत्रदान एसोसिएशन के लिए पूरे समर्पण और निष्ठा से कार्य किया। नेत्रदान के प्रचार-प्रसार में उनकी निस्वार्थ सेवा और योगदान को श्रद्धा से याद किया गया। अध्यक्ष श्री सुरेश चंद कपाटिया ने समारोह की अगुवाई करते हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2000 से लगातार 26 वर्षों से किए जा रहे नेत्रदान जागरूकता कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इस नेक कार्य से जुड़ने की अपील की।

जनरल सेक्रेटरी इंजीनियर बलजीत सिंह पनेसर ने समारोह के आयोजन एवं जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने नागरिकों से नेत्रदान का संकल्प लेने तथा अपने परिवार और मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। मुख्य अतिथि श्री ब्रह्म शंकर जिंपा ने एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना करते हुए लोगों से नेत्रदान के लिए आगे आने की अपील की। मेयर श्रीमती परवीन सैनी ने भी एसोसिएशन के कार्यों की प्रशंसा की और अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। डॉ. नेहा पॉल ने सिविल सर्जन की ओर से नेत्रदान के महत्व तथा मृत्यु के बाद समय पर नेत्रदान किए जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर स. हरभजन सिंह, स. गुरप्रीत सिंह, मैडम संतोष सैनी, श्रीमती जतिंदर कौर, श्रीमती लखविंदर कौर डिंपी, स. बहादुर सिंह सिद्धू, स. प्रदीप बांगर, मैडम सुरजन नैन कौर, श्रीमती रचना कौर, स. ओंकार सिंह धामी, स. बरिंदर सिंह मसीती, स. हुसन चंद, स. हरबंस सिंह, श्रीमती कपाटिया, स. सुरिंदर सिंह अर्नेजा, श्री सैनी तथा अन्य सदस्य और समर्थक उपस्थित रहे। श्री सुरेश चंद कपाटिया ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया, जबकि इंजीनियर बलजीत सिंह पनेसर ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

पीजीआईएमईआर ने उत्कृष्टता के 63 वर्ष पूरे किए, एआई आधारित स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर

चंडीगढ़, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ का 63वां स्थापना दिवस समारोह हृद्धृश्च ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने पीजीआईएमईआर को 'एक सच्ची राष्ट्रीय धरोहर' बताते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी क्षमताओं को बढ़ाने वाला प्रभावी साधन होगा।



'एआई इन हेल्थकेयर' विषय पर संबोधन में प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि एआई अब केवल तकनीकी आकर्षण नहीं रह गया है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसंधान और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह क्लिनिकल रिकॉर्ड, पैथोलॉजी रिपोर्ट और वैज्ञानिक साहित्य से आवश्यक जानकारी निकालने में डॉक्टरों की मदद कर सकता है। इसके माध्यम से शोधकर्ता ऐसे प्रश्नों की भी जांच कर सकेंगे, जिन पर पहले अधिक समय और संसाधन लगते थे।

उन्होंने भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप एआई समाधान विकसित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के डेटा पर आधारित प्रणालियां भारतीय रोग-प्रवृत्तियों और मरीजों की वास्तविकताओं को पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं कर सकतीं। भारत को हेल्थकेयर एआई का केवल उपभोक्ता बनने के बजाय अपने लिए समाधान विकसित करने वाला देश बनना होगा। उन्होंने दूरस्थ स्वास्थ्य सेवाओं, रेडियोलॉजी, अस्पताल प्रबंधन और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में एआई की संभावनाएं भी बताईं। पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने संस्थान की बढ़ती क्षमता, मरीजों के विश्वास और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर तथा एडवांस्ड न्यूरोसाइंस सेंटर के उद्घाटन से संस्थान की क्षमता में 800 बेड की वृद्धि हुई है। इससे कुल बेड क्षमता 2,200 से बढ़कर 3,000 हो गई है। उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या बढ़ने के बावजूद वेटिंग लिस्ट लगातार कम हो रही है। आयुष्मान भारत और अमृत फार्मेसी के माध्यम से मरीजों को किफायती उपचार और जेनेरिक दवाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे गंभीर एवं लंबे उपचार वाले मरीजों को करोड़ों रुपये की बचत हो रही है। समारोह में संस्थान के 35 कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशंसा प्रमाण-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हृद्धृश्च॥ की निदेशक डॉ. अलका राव, पूर्व निदेशक प्रो. योगेश चावला, डीन (अकादमिक्स) प्रो. संजय जैन, डीन (रिसर्च) प्रो. संजीव हांडा सहित विभागाध्यक्ष, फैकल्टी, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में प्रो. संजीव हांडा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

डायबिटीज की देखभाल सिर्फ ब्लड शुगर घटाने तक सीमित नहीं, समग्र स्वास्थ्य और नियंत्रण जरूरी: डॉ. मनवीर सिंह

होशियारपुर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

लिवासा अस्पताल होशियारपुर ने सोमवार को हर उम्र के लोगों में डायबिटीज के प्रति शुरुआती जागरूकता की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया।

इंटरनल मेडिसिन के कंसल्टेंट डॉ. मनवीर सिंह ने कहा, 'डायबिटीज अब सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित नहीं रही है। भारत में 2024 में अनुमानित 89.8 मिलियन वयस्क डायबिटीज के साथ जी रहे थे, जबकि 0 से 19 वर्ष की आयु के लगभग 3,00,788 बच्चे और किशोर टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित हैं। बच्चों में मोटापे की बढ़ती समस्या को देखते हुए, शुरुआती जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। डायबिटीज के प्रबंधन के लिए केवल दवाओं पर निर्भर न रहने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि डायबिटीज की देखभाल का मतलब सिर्फ ब्लड शुगर के स्तर को कम करना नहीं है।



'एक व्यक्ति क्या खाता है, वह कितना सक्रिय है, वह कितनी अच्छी नींद लेता है और वह तनाव को कैसे प्रबंधित करता है-ये सभी कारक उसके समग्र स्वास्थ्य और डायबिटीज के नियंत्रण को प्रभावित कर सकते हैं। एक ही बार में सब कुछ बदलने की कोशिश करने के बजाय छोटे और निरंतर बदलाव अक्सर अधिक टिकाऊ होते हैं।

डायबिटीज तब होती है जब शरीर ब्लड ग्लूकोज को प्रभावी ढंग से नियंत्रित नहीं कर पाता। टाइप-2 डायबिटीज में इंसुलिन रेजिस्टेंस और इंसुलिन के उत्पादन में कमी मुख्य भूमिका निभाते हैं, जिसमें आनुवंशिकता , अतिरिक्त वजन, शारीरिक निष्क्रियता, खान-पान की आदतें, उम्र और अन्य स्वास्थ्य स्थितियां जोखिम को बढ़ाती हैं। अनियंत्रित डायबिटीज दिल, गुर्दे, आंखों, नसों और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित कर सकती है।

कठिन डाइट प्लान के बजाय व्यावहारिक और टिकाऊ बदलावों की सिफारिश करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि संतुलित भोजन, सीमित मात्रा, अधिक सब्जियां, फाइबर और पर्याप्त प्रोटीन शामिल करके, तथा प्रोसेस्ड फूड, अतिरिक्त चीनी और मीठे पेय पदार्थों को कम करके पारंपरिक भारतीय भोजन को छोड़े बिना भी स्वस्थ खान-पान अपनाया जा सकता है। उन्होंने व्यक्तिगत स्वास्थ्य और फिटनेस के स्तर के आधार पर दैनिक पैदल चलने, शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने या भोजन के बाद थोड़ी देर टहलने जैसी नियमित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की सलाह दी।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पर्व समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया/7 सितंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब, पुराना बाजार रतिया में 12 सितंबर को आयोजित होने वाले धार्मिक समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।



हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य काका सिंह लधुवास ने बताया कि 12 सितंबर को गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक समारोह आयोजित किया जाएगा तथा विशेष दीवान सजाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समारोह को श्रद्धापूर्वक एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए सेवादारों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

समाजसेवी हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि धार्मिक समारोह के साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा, जिसमें चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी तथा विभिन्न बीमारियों से संबंधित आवश्यक लैब टेस्ट भी किए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इन जनकल्याणकारी शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

इस अवसर पर दलजीत सिंह, प्रगट सिंह, मनजीत सिंह, हरदीप सिंह, जज सिंह, मनविंद्र सिंह, लवदीप सिंह मान, रणधीप सिंह राणा, राज सिंह, हरप्रीत सिंह सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

पेकोसा चुनाव 2026: हरप्रीत सिंह ओबेरॉय निर्णायक जनादेश के साथ अध्यक्ष निर्वाचित

चंडीगढ़, 6 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन (पेकोसा) के वर्ष 2026 के चुनाव परिणाम आज घोषित किए गए।

- **नई टीम ने संभाली पेकोसा की कमान; पूर्व छात्रों की व्यापक भागीदारी ने संगठन के प्रति विश्वास को किया प्रदर्शित**



इसके साथ ही पेकोसा के नए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है।

हरप्रीत सिंह ओबेरॉय (बैच 1993) को पेकोसा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उन्होंने 1,106 मत (67.7%) प्राप्त कर निर्णायक जनादेश हासिल किया। उनके साथ निर्वाचित नई टीम को पेक के पूर्व छात्र समुदाय का मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ है।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी हैं:

- **अध्यक्ष:** हरप्रीत सिंह ओबेरॉय, बैच 1993-1,106 मत (67.7%)
- **उपाध्यक्ष:** संजीव मौदगिल, बैच 1985 - 1,006 मत (62.5%)
- **महासचिव:** जोरावर सिंह, बैच 1990 - 939 मत (57.7%)
- **कोषाध्यक्ष:** अश्वनी कुंडल, बैच 2009 - 1,015 मत (63.8%)
- **संयुक्त सचिव:** संदीप गुप्ता, बैच 1988 - 1,036 मत (65.8%)

11 सदस्यीय कार्यकारिणी में मृदुला ग्रोवर डांग, जसविंदर सिंह गर्चा, राजीव गुप्ता, अक्षय राज अग्रवाल, प्रभदीप सिंह संधू, विनोद कुमार जैन, संजीव जैन, हरभजन सिंह मुंडे, अशोक कुमार शर्मा, विवेक महाजन और आयुष गोयल निर्वाचित हुए हैं।

चुनाव की एक उल्लेखनीय विशेषता यह रही कि निर्वाचित प्रतिनिधियों में 1972 से 2018 तक के विभिन्न बैचों का प्रतिनिधित्व है। यह पेकोसा में विभिन्न पीढ़ियों के पूर्व छात्रों के अनुभव, ऊर्जा और दृष्टिकोण को एक साथ लाने का अवसर प्रदान करता है।

पेकोसा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी है तथा चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवारों और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है। नई टीम से अपेक्षा है कि वह पेक और उसके पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को और मजबूत करने तथा पेकोसा में अधिक सहभागिता, सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेगी। यह चुनाव केवल नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि पेक के गौरवशाली पूर्व छात्र समुदाय की सामूहिक शक्ति को एक नई दिशा देने का अवसर है। नई टीम एकता, सहभागिता और संस्थान एवं पूर्व छात्र समुदाय की सेवा की भावना के साथ पेकोसा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा द्वारा पंजाब महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक

पैग़ाम-ऐ-जगत/खरड़
6 सितंबर (दविंदर कौर)

ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा जी ने आज पंजाब का दौरा किया और सेक्टर-15 स्थित पंजाब प्रदेश कांग्रेस भवन, चंडीगढ़ में पंजाब महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठकें कीं।



इस मौके पर पंजाब महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती बलजीत कौर सहित सभी जिला प्रधान, मौजूदा महिला पार्षद, पूर्व महिला पार्षद, महिला सरपंच और बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। बैठक के दौरान आने वाले 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पंजाब महिला कांग्रेस को और मजबूत करने और बूथ स्तर तक महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। श्रीमती अलका लांबा जी ने महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं को 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पूरी मजबूती के साथ तैयार रहने, संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में पंजाब महिला कांग्रेस के संगठन को और प्रभावशाली बनाने, बूथ स्तर पर टीमें तैयार करने और आने वाले संगठनात्मक और सियासी कार्यक्रमों संबंधी भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।

लोक चेतना मंच द्वारा अध्यापक दिवस पर तीन शिक्षकों का सम्मान

अच्छे समाज की सृजना में अध्यापक की अहम भूमिका : डॉ. मंडेर

रतिया, 7 सितंबर/पैगाम-ऐ-जगत
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

अध्यापक दिवस के अवसर पर लोक चेतना मंच हरियाणा द्वारा अपनी 36 वर्षों की सम्मान समारोह श्रृंखला को जारी रखते हुए ग्लोबल स्टार लाइब्रेरी, रतिया में तीन शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रवक्ता सतपाल सिंह ढिल्लों, प्रवक्ता चरणजीत सिंह तथा प्रवक्ता शशि बाला को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता मंच के मुख्य सलाहकार तेजिंदर सिंह औजला ने की।



समारोह में स्वागत भाषण देते हुए मंच के चेयरमैन डॉ. नैब सिंह मंडेर ने कहा कि अध्यापक का सम्मान वास्तव में पूरे समाज का सम्मान है। उन्होंने कहा कि अच्छे समाज की सृजना और भावी पीढ़ी के निर्माण में अध्यापक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

डॉ. मंडेर ने बताया कि लोक चेतना मंच हरियाणा वर्ष 1990 से लगातार प्रत्येक वर्ष अध्यापकों का सम्मान समारोह आयोजित करता आ रहा है। अब तक मंच द्वारा क्षेत्र के 84 प्रबुद्ध एवं समर्पित अध्यापकों को सम्मानित किया जा चुका है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष चयन समिति द्वारा तीन शिक्षकों का चयन किया गया।

मंच के महासचिव कृष्ण सिंह चित्रकार ने समारोह का मंच संचालन करते हुए मंच की गतिविधियों एवं कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर हरप्रीत सिंह भुल्लर ने प्रवक्ता शशि बाला का सम्मान-पत्र पढ़कर सुनाया, जबकि हैप्पी सिंह सेठी ने प्रवक्ता सतपाल सिंह ढिल्लों एवं प्रवक्ता चरणजीत सिंह के सम्मान-पत्र प्रस्तुत किए।

तीनों सम्मानित शिक्षकों को मंच की ओर से शॉल, प्रशंसा-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंच के मुख्य सलाहकार तेजिंदर सिंह औजला ने कहा कि लोक चेतना मंच हरियाणा पिछले 36 वर्षों से विभिन्न सामाजिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में जागरूकता पैदा करने का कार्य कर रहा है। अध्यापकों का सम्मान इस सामाजिक सरोकार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर शिक्षाविद सुरेंद्र सिंह बोला, सम्मानित शख्सियतें प्रवक्ता शशि बाला, प्रवक्ता चरणजीत सिंह एवं प्रवक्ता सतपाल सिंह ढिल्लों, एडवोकेट हरमन सिंह ढिल्लों, एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर, राजवीर कौर, नीलम रानी, बेअंत कौर मंडेर, मंजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, विक्रम सैनी, मंदीप, खुशबू, कुशब गोयल, असमीत, नरेंदर, केशव सहित मंच के सदस्य एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

डॉ. मनमोहन को प्रदान किया गया भूषण ध्यानपुरी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

पटियाला, 7 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

स्वप्न फाउंडेशन, पटियाला द्वारा पंजाब कला परिषद के सहयोग से पंजाब कला भवन, सेक्टर-16, चंडीगढ़ में आज प्रख्यात साहित्यकार, चिंतक और भाषा-विज्ञानी डॉ. मनमोहन को 'भूषण ध्यानपुरी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें 51,000 रुपये की राशि, एक दुशाला और सम्मान-पत्र भेंट किया गया। सम्मान-पत्र शायरा संदीप जसवाल द्वारा पढ़ा गया।



सबसे पहले स्वागत करते हुए कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर सुखविंदर सिद्धू ने कहा कि डॉ. मनमोहन हमारी बौद्धिक धरोहर हैं। उन्हें सम्मानित करके हम स्वयं भी सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी श्रोताओं का स्वागत किया।

इसके उपरांत वक्ता के रूप में प्रख्यात आलोचक डॉ. तेजिंदर सिंह ने कहा कि डॉ. मनमोहन ने पंजाबी अकादमिक जगत में बड़ा और विशिष्ट कार्य किया है। उन्होंने आगे कहा कि मनमोहन के कार्य के अध्ययन से जड़ता और बासीपन टूटता है तथा उन्होंने बीसवीं सदी की संकल्पनात्मक शब्दावली तैयार की है। उन्होंने यह भी कहा कि समाचार-पत्रों के लिए लिखते हुए भी डॉ. मनमोहन ने अपने विचारों की गंभीरता और वजन को कभी कम नहीं होने दिया। उनकी रचनाओं के माध्यम से दर्शन आम आदमी तक पहुंचा है। इसके बाद डॉ. हरप्रीत ने डॉ. मनमोहन की कविता के बारे में बोलते हुए कहा कि उनकी कविता हाशिये पर स्थित लोक, ज्ञान, प्रतिरोध और संवाद की कविता है। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. साहिब का काव्य-चिंतन इतिहास और मिथिहास से लेकर वर्तमान तक फैला हुआ है।

इसके बाद अगली वक्ता के रूप में पंजाब विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. रविंदर कौर ने सम्मानित व्यक्तित्व के उपन्यासों 'निर्वाण', 'मन पंखी भइओ' और 'सहज गुफा महि आसन' पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ये उपन्यास किसी एक श्रेणी में नहीं रखे जा सकते। इनमें मनुष्यता है और इनमें अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए गए हैं। श्रोताओं में से बोलते हुए प्रख्यात कथाकार भूपिंदर सिंह मान ने कहा कि डॉ. मनमोहन की लेखनी सामान्य ढंग से नहीं चलती और उन्होंने अपनी शैली स्वयं विकसित की है। अध्यक्ष मंडल में से बोलते हुए प्रख्यात कथाकार बलीजीत ने भूषण ध्यानपुरी और डॉ. मनमोहन के बारे में भावपूर्ण विचार व्यक्त किए। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनजिंदर सिंह ने कहा कि पंजाबी में लिखने की जल्दबाज़ी अधिक है।

यदि डॉ. मनमोहन ने पचास पुस्तकें लिखी हैं, तो उन्होंने पांच हजार पुस्तकें पढ़ी भी हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनका कथा-साहित्य किसी एक विचारधारा की बंदिशों से मुक्त है।